# अवैध मादक पदार्थ एक किलो गांजा सहित तस्कर गिरफ्तार

■ ऑपरेशन नश्वर के तहत की कार्यवाही

**कोटा, (निसं)।** शहर पुलिस द्वारा मादक पदार्थ की रोकथाम व तस्करों के विरूद्ध चलाये जा रहे ऑपरेशन नश्वर अभियान के तहत नान्ता थाना टीम ने नाकांबदी के दौरान कार्यवाही करते हुए अवैध मादक पदार्थ एक किलों 122 ग्राम गांजा सहित तस्कर को गिफ्तार किया है। शहर पुलिस अधीक्षक डॉ.अमृता दुहन ने बताया कि अवैध मादक पदार्थो के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु विशेष अभियान ऑपरेशन नश्वर चलाया जा रहा है। शहर एसपी ने बताया कि अभियान के तहत पुलिस उपअधीक्षक गंगासहाय शर्मा के सुपरविजन एवं नान्ता थाने के उपनिरिक्षक थानाधिकारी नवल किशोर शर्मा के नेतृत्व में टीम का गठन किया। शहर एसपी ने बताया कि नान्ता थाने के उपनिरिक्षक थानाधिकारी नवल किशोर शर्मा अपनी टीम के साथ इलाके के मोहनलाल सुखाड़िया आवासीय योजना के समीप चौराहे पर नाकाबंदी कर आने-जाने वाले वाहनों की चैकिंग कर रहे थे। शहर एसपी ने बताया कि पुलिस चैकिंग के दौरान पॉवर हाऊस रोड़ की तरफ से एक व्यक्ति पैदल हाथ में प्लास्टिक की थैली लेकर आता हुआ नजर आया, जो पुलिस नाकाबंदी को देखकर एकदम से मुड़कर जाने लगा जिसे मौके पर मौजूद पुलिस जाप्ता ने भागकर पकड़ कर डिटेन किया। शहर एसपी ने बताया कि संदिग्ध व्यक्ति के पास मौजूद प्लास्टिक की थैली की तलाशी ली तो थैली के अंदर से अवैध मादक पदार्थ एक किलो 122 ग्राम गांजा बरामद हुआ। जिस पर पुलिस टीम ने एनडीपीएस एक्ट में कार्यवाही करते हुए करणी नगर निवासी दिनेश ओढ (26) को गिरफ्तार किया। पकड़े गये आरोपी से अवैध मादक पदार्थ गांजा के संबध में अनुसंधान जारी है।



कोटा शहर पुलिस ने मादक पदार्थ सहित आरोपी को गिरफ्तार किया।

**तस्कर गिरफ्तार-नयापुरा पुलिस ने** गश्त के दौरान कार्यवाही करते हुए अवैध मादक पदार्थ गांजा सहित तस्कर को गिरफ्तार किया। नयापुरा थानाधिकारी लक्ष्मीचंद ने बताया कि इलाके में गश्त के दौरान चिड़ियाघर के पीछे एक व्यक्ति संदिग्ध नजर आया। जिसकी तलाशी लेने पर उससे अवैध मादक पदार्थ गांजा 133 ग्राम बरामद हुआ। थानाधिकारी ने बताया कि गांजा बरामद होने पर एनडीपीएस एक्ट में कार्यवाही करते हुए साबरमती कॉलोनी निवासी शाहरूख अली उर्फ फुग्गा (22) को गिरफ्तार किया। पकड़े गये आरोपी से अनुसंधान जारी है।

# 135 युवक-युवतियों व परिजनों ने दिया परिचय

■ परिजनों की निगाहें तलाशती रही बेटे-बेटी के लिए योग्य वर-वधू

**कोटा, (निसं)।** अग्रवाल सेवा उत्थान समिति के दो दिवसीय विशाल युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आगाज शनिवार को नयापुरा स्थित महाराव उम्मेदसिंह स्टेडियम में किया गया। संस्था के सम्भागीय महामंत्री संजय गोयल व मंत्री गजानन्द सिंघल ने बताया कि परिचय सम्मेलन का आगाज विधिवत रुप से महाराज अग्रसेन की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। महिलाओं द्वारा गणेश वंदना की गई। संस्था के सम्भागीय अध्यक्ष मोहनलाल अग्रवाल ने बताया कि मुख्य अतिथि कोटा नगर निगम दक्षिण के प्रतिपक्ष नेता विवेक राजवंशी थे। इस दौरान अतिथियों द्वारा परिचय पुस्तिका 'अग्र पहल' का विमोचन भी किया गया। विवेक राजवंशी ने अपने उद्बोधन में समाज के लिए परिचय सम्मेलन की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि परिचय सम्मेलन एक माध्यम है। जिससे आप विवाह योग्य युवक युवतियों से एक मंच पर रूबरू हो सकते हो और सूचना का आदान-प्रदान कर सकते हो। उन्होंने कहा कि बहुत अधिक अनावश्यक खर्च करते हुए विवाह समारोह करना गैर जरूरी है। इसके बजाय इस पैसे का उपयोग किसी जरूरतमंद की सेवा और किसी गरीब बेटी के का कन्यादान करने में होना चाहिए। उन्होंने कहा कि छोटे परिवारों के अपने नुकसान हैं। घर में केवल एक बेटा-बेटी करने की प्रवृत्ति का नुकसान अब समाज को झेलना पड रहा है। इस ओर अब ध्यान देने की आवश्यकता है। सम्मेलन में लड़कों व लड़कियों ने अपना परिचय बेबाकी से दिया तो कुछ ने परिचय देने के लिए मंच से सहायक का सहयोग लिया। इस अवसर पर अच्छे जीवन साथी की तलाश में 135 युवक व युवतियों तथा उनके परिजनों ने परिचय दिया। परिचय देने का क्रम प्रात: 11 बजे प्रारम्भ हुआ जो सांय 5 बजे तक चला। देश के विभिन्न राज्य से आये लोगो ने अपने पुत्र-पुत्रियों का परिचय भी पढ़ा। मंच का संचालन दीपक मित्तल व महेश मित्तल ने किया। इस अवसर पर सम्भागीय महिला अध्यक्ष किरण अग्रवाल, महामंत्री किरण गोयल, नवीन अग्रवाल, आरएन गर्ग, राजेन्द्र अग्रवाल, सत्यनारायण गर्ग, संजय अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, कमल अग्रवाल, अंबिका गर्ग, श्याम अग्रवाल, अनीता अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, आराधना अग्रवाल, रेखा जैन, राजकुमारी जैन, अंकुश अग्रवाल, प्रमोद मित्तल, डीके मित्तल उपस्थित थे।

## सार-समाचार

### आधा दर्जन गांवों से 25 ट्रांसफार्मर जब्त

**छबड़ा।** अवैध ट्रांसफार्मर के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत विद्युत सतर्कता टीम ने कार्यवाही करते हुए आधा दर्जन गांवों में से 25 ट्रांसफार्मर जब्त किए। प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिशाषी अभियंता जयपुर डिस्कॉम अटरू, अधिशाषी अभियंता सर्तकता, थाना अधिकारी विद्युत चोरी निरोधक बारां, सहायक अभियंता जयपुर डिस्कॉम छबडा व कनिष्ठ अभियंता छबडा मय अपनी टीम के संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुये सेमला, रामपुरिया, गोविंदपुरी, परोलिया, बटावदाउंचा व बरोनी में कार्यवाही कर अवैध 25 ट्रांसफार्मर जब्त किये। जिसमें 21 ट्रांसफार्मर सिंगल फेस व 4 ट्रांसफार्मर थ्री फेस के उतारे, जो कि मौके पर अवैध रूप से चल रहे थे। अवैध ट्रांसफार्मर की फर्द जब्ती अलग से बनाई गई व मौके पर सर्तकता जांच प्रतिवेदन (वीसीआर) भरी गई। छबडा, पाली व बापचा के पुलिस कर्मी, कर्मचारियों व निगम से तकनीकी कर्मचारीयों, फीडर प्रभारी के संयुक्त प्रयासों से यह कार्यवाही की गई तथा यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर शोभायात्रा निकाली

**नैनवां ।** सर्व हिन्दू समाज की और से अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर डीजे पर बज रहे भगवान राम के भजनों व जयकारों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई।शोभायात्रा में रामजी की झांकी व अखाड़ों के करतब आकर्षण केंद्र बने रहें।शोभायात्रा का मार्ग में जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया ।शोभायात्रा पीडब्लूडी ऑफिस के पास शिव मंदिर से रवाना हुई जो उनियारा चौराहा, भगतसिंह सर्किल ,बस स्टैंड, गढ पोल दरवाजा, दपोला ,मालदेव चौक ,सदर बाजार ,झंडे की गली होती हुई जानकीराय महाराज के मंदिर पहुंची जहां महाआरती व प्रसाद वितरण के साथ शोभायात्रा का विसर्जन हुआ।

### तिरंगा लहराकर ली कौमी एकता की शपथ

**बून्दी।** बैडमिंटन खेल मैदान में 75वें अमृत काल गणतंत्र दिवस पूर्व खिलाड़ियों ने तिरंगा लहरात`हुए कौमी एकता की शपथ ली। इस दौरान खिलाड़ियों ने जय हिंद के उद्घोष के साथ तिरंगे की शान में देशभक्ति के नगमे गुनगुनाए। संघ के अध्यक्ष अजय नुवाल एडवोकेट ने बताया खिलाड़ियों द्वारा हर वर्ष की भांति खेल मैदान में तिरंगा लहराने के साथ अमन चैन भाईचारा कायम रखने हेतु कौमी एकता की शपथ ली गई। इस अवसर पर स्वागत सचिव मुकेश दाधीच, उपाध्यक्ष विनोद मीना, बैडमिंटन खिलाड़ी नारायण झंवर, कुलदीप सिंह हाड़ा, आशुतोष खंडेलवाल, शशांक दाधीच, रितेंद्र दाखेडा, आशुतोष मूंदड़ा आदि मौजूद रहे।

### मां भारती की छात्रा को पुरस्कृत किया

**कोटा, (निसं)।** माँ भारती सी. सै. स्कूल स्वामी विवेकानंद नगर विद्यालय की छात्रा कीर्ति हाड़ा को बेहतर शैक्षणिक स्तर होने पर कोटा की पूर्व महापौर डॉक्टर रत्ना जैन द्वारा छात्रा को कंप्यूटर भेंट किया गया। इसी के अंतर्गत उन्होंने स्कूल प्रिंसिपल मोनिका मलिक को आश्वस्त किया और कहा कि अन्य छात्रा भी यदि किसी भी क्षेत्र में अच्छा कार्य करती हैं। तो उन्हें भी वह पुरस्कृत किया जायेगा। इस प्रकार उन्होंने सभी छात्राओं का मनोबल बढ़ाया। अंत में स्कूल डायरेक्टर उर्वशी विजय ने छात्रा को बधाई देते हुऐ कहा कि प्रगति की राह में निरंतर आगे बढती रहो।

### नालियों की सफाई का अभियान जारी

**कोटा, (निसं)।** नगर निगम कोटा दक्षिण के दादाबाड़ी विस्तार सेक्टर 2 में लगातार चौथे दिन भी नालियों की सफाई का अभियान जारी रहा। महापौर राजीव अग्रवाल भारती ने बताया कि जब से दादाबाड़ी क्षैत्र की कॉलोनियों का निर्माण हुआ है तब से ही इनकी बनावट में तकनीकी खामियां रहने के कारण नालियों का नियमित पानी एवं बरसात के दौरान तेज पानी के कारण नालियां ओवर फ्लो हो जाती थी और दादाबाड़ी क्षैत्र में घरों में पानी भराव हो जाता था। महापौर राजीव अग्रवाल भारती ने बताया कि इस क्षैत्र में मकानों के बाहर बने रेम्पो के कारण पानी का प्रवाह अवरूद्ध हो जाता है और उसी कारण से इस क्षैत्र के निवासी विगत 30 वर्षो से परेशानी झेल थे, जिसका समाधान करने का प्रयास किया जा रहा है। लोकसभा अध्यक्ष के निर्देशानुसार महापौर स्वयं उक्त कार्य की मॉनिटरिंग नियमित रूप से कर रहे है। लोकसभा अध्यक्ष के विजन को दृष्टिगत रखते हुये ही पूरे कोटा शहर में सफाई व्यवस्था पर फोकस किया जा रहा है।

# श्री धाकड़ महासभा का 32वां राष्ट्रीय अधिवेशन 8, 9 फरवरी को कोटा में

■ ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने किया पोस्टर का विमोचन, तैयारी बैठक में दिए निर्देश

**कोटा, (निसं)।** श्री धाकड़ महासभा का 32वां राष्ट्रीय अधिवेशन 8, 9 फरवरी को कोटा में आयोजित किया जाएगा। इसके पोस्टर का विमोचन ऊर्जा मंत्री तथा महासभा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष हीरालाल नागर के द्वारा शनिवार को किया गया।

इस दौरान ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने अधिवेशन की तैयारी को लेकर समाज के कार्यकर्ताओं की बैठक की और निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर पीले चावल बांटे और अधिकतम लोगों को आमंत्रित करें। इसके लिए तहसील स्तर पर बैठक करनी होगी। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने बताया कि 8 फरवरी को धरणीधर गार्डन में संगोष्ठी आयोजित होगी। जिसमें धाकड़ समाज के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक उत्थान के विषयों पर वार्ता की जाएगी।

वहीं 9 फरवरी को दशहरा मैदान में खुला अधिवेशन आयोजित किया जाएगा। जिसमें देशभर के धाकड़ समाज के लोग एकत्रित होंगे।

प्रवक्ता किशन अनुराग ने बताया कि बैठक में राजस्थान के 17 जिलों के प्रभारी और सब प्रभारी की नियुक्तियां की गई। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष हेमराज नागर, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तुलसीराम नागर, युवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय धाकड़, महिला इकाई की प्रदेश अध्यक्ष अनुसूया नागर, राष्ट्रीय महामंत्री कन्हैयालाल नागर, दयाराम धाकड़, राष्ट्रीय मंत्री हेमंत नागर, प्रदेश महामंत्री राधेश्याम नागर समेत कई लोग मौजूद रहे।

# पत्थर ट्रॉलीयों सहित पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**कोटा, (निसं)।** इटावा ग्रामीण पुलिस टीम ने अवैध खनन के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए अवैध पत्थर खनन परिवहन करते हुए दो ट्रेक्टर-ट्रॉली सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। कोटा ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि अवैध बजरी व पत्थर खनन के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत इटावा पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए दो आरोपियों सहित पत्थरों से भरी दो ट्रेक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। कोटा ग्रामीण एसपी ने बताया कि पुलिस उपअधीक्षक शिवम जोशी के सुपरविजन में इटावा थानाधिकारी संदीप विश्नोई के नेतृत्व में टीम का गठन किया था। इटावा थानाधिकारी के नेतृत्व गठित टीम ने इलाके में गश्त व चैकिंग दौरान पत्थरों का अवैध खनन परिवहन करते हुए दो ट्रेक्टर मय पत्थरों से भरी ट्रॉलीयों को जब्त किया।

# ठगी गई 58 हजार 359 रूपये की राशि पीड़ितों के खाते में कराई रिफंड

**कोटा, (निसं)।** बोरखेड़ा थाने की साईबर टीम ने साईबर ठगी की दो अलग-अलग शिकायतों में साईबर फॉड के मामलों का खुलासा करते हुए साईबर ठगो द्वारा ठगी गई कुल 58 हजार 359 रूपये की राशि को साईबर पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज कर रूपये को होल्ड कराकर पीड़ितों के खाते में रिफंड कराया गया। शहर पुलिस अधीक्षक डॉ.अमृता दुहन ने बताया कि साईबर क्राईम की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए साईबर ठगी की रोकथाम के लिये मुख्यालय स्तर पर साईबर शील्ड अभियान संचालित किया जा रहा है। शहर एसपी ने बताया कि सीआईएसएफ का जवान बनकर ओएलएक्स साईड पर सेना के जवान सरबजीत से स्कूटी की खरीद-फरोख्त के संबध में 28312 रूपये की ठगी एवं जम्मू कश्मीर के रहने वाले एक कोचिंग छात्र से इंस्टाग्राम व टेलीग्राम पर टास्क कम्पलीट करने का झांसा देकर 44958 रूपये की ठगी का मामला साईबर पोर्टल पर सामने आने पर मामलों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस उपअधीक्षक लोकेन्द्र पालीवाल के सुपरविजन में बोरखेड़ा थानाधिकारी रमेश कुमार मीणा द्वारा साईबर हेल्प डेस्क की टीम को ठगी गई राशि को होल्ड कराने व वापस रिकवर कराने के लिऐं दिशा-निर्देश दिये गये। शहर एसपी ने बताया कि बोरखेड़ा हेल्प डेस्क के कॉन्स्टेबल प्रदीप सिंह व मुरारी लाल ने साईबर पोर्टल के माध्यम से पीड़ितों के खातों से ठगी गई राशि को होल्ड करने हेतु संबंधित बैक खातों के बैंक अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर सेना के जवान सरबजीत के बैंक खातें में 24556 रूपये और दूसरे मामले कोचिंग छात्र अब्दुल मलिक से ठगी गई राशि में से 33803 रूपये पीड़ित के खातें में रिफंड करवाये। इस तरह कुल 58359 रूपये की राशि पीड़ितों के खातों में रिफंड करवाई गई। यह था मामला-शहर एसपी ने बताया कि 17 सितंबर 2024 को साईबर पोर्टल पर सेना में कार्यरत सरबजीत ने शिकायत दी थी। शिकायत में कहा कि साईबर ठग ने अपने आपको सीआईएसएफ का जवान बताकर ओएलएक्स साईड पर स्कूटी बेचने का विज्ञापन दिया। स्कूटी बेचने के नाम पर व स्कूटी को पीड़ित के पते पर पहुंचाने के नाम पर 5 बार अलग-अलग राशि जमा करवाकर कुल 28312 रूपये ठगी की वहीं 7 जून 2024 को जम्मू कश्मीर के सुरनकोट निवासी कोचिंग छात्र अब्दुल मलिक ने साईबर पोर्टल पर शिकायत दी और शिकायत में कहा कि इंस्टाग्राम एवं टेलिग्राम पर टास्क कम्पलीट करने का झांसा देकर अलग-अलग बार राशि जमा करवाकर कुल 44958 रूपये की ठगी की। शहर एसपी ने बताया दोनों मामलों में कार्यवाही करते हुए पीड़ितों के खाते में कुल 58359 रूपये की राशि रिफंड करवाई गई।

# सिर चढ़कर बोल रहा है क्रिकेट का जुनून

■ अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता में रोमांचक मुकाबलों का दौर जारी

**कोटा, (निसं)।** जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय, रानपुर, कोटा अन्तर्गत भारतीय विश्वविद्यालय संघ द्वारा 7 दिवसीय पश्चिम क्षेत्रीय अन्तर-विश्वविद्यालय पुरुष किकेट प्रतियोगिता में रोमांचक मुकाबले का दौर जारी है। देश के विभिन्न प्रांतो से आई विश्वविद्यालयो की टीमें बेहतरीन प्रदर्शन कर टूर्नामेंट के अगले दौर में प्रवेश कर रही हैं। शनिवार को कोटा के विभिन्न क्रिकेट मैदाने पर आयोजित हुए मुकाबले में विश्वविद्यालय की टीम से खेल रहे खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई और टीम को जीत दिलाने में कामयाब रहे। आयोजन समिति के सचिव डॉ.तीरथ सिंह ने बताया कि कोटा में आयोजित हो रहे टूर्नामेंट को लेकर खिलाड़ियों में गजब का उत्साह देखा जा रहा है वही उनका उत्साह वर्धन करने के लिए भी क्रिकेट प्रेमी बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ एन.के.शर्मा ने बताया कि कोटा को पश्चिम क्षेत्र विश्वविद्यालय टूर्नामेंट की मेजबानी का जो अवसर मिला है।

# ट्रांसपोर्ट नगर भंडारे में उमड़ी भीड़

**कोटा, (निसं)।** ट्रांसपोर्ट नगर में भंडारे के 11वें दिन सैंकड़ों लोगों द्वारा भोजन का आनंद लिया गया। पिछले 10 दिवस से लगातार जारी भंडारे में 11वें दिन स्वादिष्ट मिक्स दाल-पूड़ी, गुलाब जामुन परोसे गए जिसमें शनिवार को बड़ी संख्या में लोगों ने भोजन किया। ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस नई दिल्ली के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य परमानंद महावर ने बताया कि ट्रांसपोर्ट नगर में 15 वर्षों से नैना देवी माता मंदिर हिमाचल प्रदेश के नाम से वरिष्ठ ट्रांसपोर्ट व्यवसाई एवं कोटा ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष प्रवीण कुमार बिट्टू द्वारा आम भंडारा आयोजित किया जाता आ रहा है ।

# नि : शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में 102 रोगी लाभांवित

**कोटा, (निसं)।** मोतियाबिंद के रोगियो के लिए लायंस क्लब कोटा के द्वारा नेत्र शल्य चिकित्सा शिविर का आयोजन निरंतर जारी है। लायंस क्लब कोटा द्वारा आयोजित निशुल्क नेत्र शल्य चिकित्सा शिविर झालावाड़ रोड़ स्थित लांयस क्लब भवन में सम्पन्न हुआ। अध्यक्ष प्रमोद विजयवर्गीय ने बताया कि शिविर के रजिस्ट्रेशन कार्य 09 जनवरी से प्रारंभ किया गया था। जिसमें 250 लोगों का रजिस्ट्रेशन किया। बीपी, शुगर अन्य बिमारी के चलते 72 नेत्र रोगियो को ऑपरेशन कर शनिवार को उन्हे काले चश्मे सौपे गए। इससे पूर्व 07 जनवरी को इटावा में आयोजित शिविर में 30 मोतियाबिंद के सफल ऑपरेशन किए गए थे। शिविर प्रभारी अशोक नुवाल ने बताया कि सभी ऑपरेशन डॉ.विशाल स्नेही ने सभी मरीजों का ऑपरेशन आधुनिक लेजर तकनीक के माध्यम से किया और मरीजों को लैंस प्रत्यारोपित किए। इस अवसर सचिव वीरेन्द्र विजय, क्बल सदस्य सतीश पंजवानी, पवन पारेता, जेपी गुप्ता, शिव नुवाल, शिव नारायण बाहेती, जितेन्द्र जैन उपस्थित रहे। उपस्थित रहे।

# तेज धारदार हथियार कटार सहित आरोपी गिरफ्तार

**कोटा, (निसं)।** गुमानपुरा पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए अवैध तेज धारदार हथियार कटार सहित आरोपी को गिरफ्तार किया। गुमानपुरा थानाधिकारी अनिल कुमार टेलर ने बताया कि इलाके में गश्त के दौरान सूचना मिली की इलाके के एक मॉल के पीछे गली में एक संदिग्ध व्यक्ति खड़ा है जिसके पास कोई तेज धारदार हथियार है। थानाधिकारी ने बताया कि सूचना पाकर मौके पर टीम लेकर पहुंचे तो एक व्यक्ति संदिग्ध नजर आया जिससे नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम समीर बताया। थानाधिकारी ने बताया कि संदिग्ध व्यक्ति की तलाशी ली गई तो उसके पास से अवैध तेज धारदार हथियार कटार मिली। थानाधिकारी ने मौके पर ही आर्म्स एक्ट में कार्यवाही करते हुए मजिस्द गली स्टेशन निवासी समीर अली (37) को गिरफ्तार किया। पकड़े गये आरोपी को न्यायलय में पेश किया गया।


**पश्चिम मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना संख्या: डब्ल्यू/623/15**

**दि.: 09.01.2025**

भारतसंघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर (समन्वय), पश्चिम मध्य रेल, कोटा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदाएं आमंत्रित करते है। **(1) टेंडर संख्या :** 225/2024 **कार्य का विवरण :** सवाई माधोपुर सेक्शन-रिमॉडलिंग ऑफ स्टेशन यार्ड एट कोटा एण्ड टू रिमूव ऑपरेशनल कॉन्स्ट्रेंट्स वाय शिफ्टिंग ऑफ क्रॉसओवर टू इनक्रिज सीएसआर ऑफ लाइन नं. 4 टू रिसीव फुल लेंथ ट्रेन ऑन एक्ज़िस्टींग प्लेटफॉर्म-3. **अनुमानित लागत:** ₹ 5455671.94 **बयाना राशि:** ₹ 109100.00 **टेण्डर भरने की अंतिम तिथि व समय:** 27.01.2025 को 15.30 घंटे पर **(2) टेंडर संख्या:** 226/2024 **कार्य का विवरण:** एडीईएन/सवाई माधोपुर सेक्शन-मिसलेनियस पी.वे. रिपेयरस एण्ड मेंटेनेंस ऑफ ट्रेक वर्क। **अनुमानित लागत:** ₹ 5086965.78 **बयाना राशि:** ₹ 101700.00 **टेण्डर भरने की अंतिम तिथि व समय:** 27.01.2025 को 15.30 घंटे पर **(3) टेंडर संख्या:** 01/2025 **कार्य का विवरण :** शामगढ़-प्रोविजन ऑफ 01 लोडिंग लाइन। **अनुमानित लागत:** ₹ 1554221.28 **बयाना राशि :** ₹ 31100.00 **टेण्डर भरने की अंतिम तिथि व समय:** 30.01.2025 को 15.30 घंटे पर. पूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड की गई ई-निविदा में तथा वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर समन्वय पश्चिम मध्य रेल, कोटा मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय की कार्यलेखा शाखा के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है।

**वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर (समन्वय), प.म.रे., कोटा**

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर


# भारतीय संस्कृति और योग से 12 हजार लोगों को जोड़ा

■ स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रेरित होकर : भार्गव

■ कोटा की बेटी देश-विदेश में पहुंचा रही स्वामी विवेकानंद के विचार

**कोटा, (निसं)।** स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में युवा दिवस का आयोजन प्रेरणा और उत्साह का प्रतीक बन गया है। इस अवसर पर कोटा की बेटी सुगंध भार्गव ने अपनी अनूठी उपलब्धियों और समाजसेवा से युवाओं को प्रेरित किया। स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रेरित होकर सुगंध ने भारतीय संस्कृति और योग के माध्यम से देश-विदेश में भारत का नाम रोशन किया है। मीडिया की चमक छोड़ योग को अपनाया-सुगंध भार्गव ने अपनी सफलता की यात्रा मुंबई से शुरू की, जहां उन्होंने मीडिया क्षेत्र में 8 वर्षों तक एक शानदार करियर बनाया। बावजूद इसके, उन्होंने योग और समाजसेवा के मार्ग पर चलने के लिए इस प्रतिष्ठित करियर को छोड़ दिया। सुगंध ने योग को अपना जीवन समर्पित कर दिया और इसे भारत की सांस्कृतिक धरोहर के रूप में विश्वभर में प्रचारित करने का बीड़ा उठाया। उनका कहना है कि यह निर्णय आसान नहीं था, लेकिन उनके भीतर एक गहरी प्रेरणा ने उन्हें इस राह पर चलने के लिए तैयार किया।

सद्गुरु की अनुयायी, योग में नई दृष्टि लाई-सुगंध सद्गुरु की अनुयायी हैं और उनकी शिक्षाओं से गहराई से प्रेरित होकर योग के माध्यम से लोगों को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक संतुलन प्रदान करने का प्रयास कर रही हैं। सद्गुरु के मार्गदर्शन ने उन्हें आत्म-ज्ञान और सेवा के महत्व को समझने में मदद की। यही प्रेरणा उन्हें योग के माध्यम से समाज और युवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में निरंतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करती है।

सुगंध भार्गव ने कोविड के दौरान केदारनाथ यात्रा के समय युवाओं और समाज के लिए कुछ अद्वितीय करने का दृढ़ निश्चय किया। तब से वह निरंतर इस दिशा में काम कर रही हैं। उन्होंने अब तक 12,000 से अधिक लोगों को योग सिखाया है। उनके सिखाए योग ने अनगिनत लोगों को स्वस्थ, सशक्त और सुखद जीवन जीने की दिशा में प्रेरित किया है। सुगंध ने योग में विशेषज्ञता हासिल करते हुए मिनिस्ट्री ऑफ आयुष से लेवल-6 प्रमाणपत्र प्राप्त किया। आज वे देश-विदेश में हठ योग, अष्टांग योग और अन्य योग क्रियाओं का प्रशिक्षण देकर भारत की समृद्ध योग परंपरा का प्रचार कर रही हैं। इसके साथ ही, स्वामी विवेकानंद यूनिवर्सिटी से मास्टर की उपाधि लेकर उनके विचारों को देश-विदेश में फैलाने का अनवरत प्रयास कर रही हैं।

# भारतमाला प्रोजेक्ट से मिलेगा उद्योगों को बढ़ावा : धारीवाल

■ पूर्व मंत्री ने कहा कोटा में स्टोन पार्क बनाए सरकार

**कोटा, (निसं)।** बेहतरीन स्टोन की प्रचुरता वाले क्षेत्र में सरकार स्टोन पार्क बनाए ताकि उसके वैल्यू एडिशन के साथ भारतमाला प्रोजेक्ट से पत्थर उद्योग को बढ़ावा मिले और नए उद्योग भी विकसित किया जा सकें। पूर्व मंत्री एवं कोटा उत्तर से कांग्रेस विधायक शांति धारीवाल ने राजस्थान सरकार से मांग की है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बजट में कोटा में पत्थर मंडी की घोषणा की है जबकि कोटा में पत्थर मंडी पहले से मौजूद है यहां के बेहतरीन पत्थर को देश और दुनिया से रूबरू करवाने के लिए स्टोन पार्क विकसित किया जाना चाहिए ताकि दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस वे का लाभ भी पत्थर व्यवसाय को मिल सकें नए पत्थर उद्योग इसे विकसित होंगे तो अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा। शनिवार को स्टोन मर्चेंट विकास समिति रामनगर की ओर से आयोजित सम्मान शपथ ग्रहण एवं भवन लोकार्पण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए पूर्व मंत्री शांति धारीवाल ने स्टोन मंडी में बिजली पानी सड़क सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं को जल्द दुरुस्त करने की भी मांग की। सरकार नहीं करेगी तो विधायक कोष से करवाएंगे काम-समारोह के दौरान स्टोन मर्चेंट समिति की ओर से मंडी में मौजूद समस्याओं के बारे में जब जानकारी दी गई तो पूर्व मंत्री शांति धारीवाल ने अपने संबोधन में कहा कि मंडी में व्याप्त समस्याएं जैसे अतिक्रमण बिजली पानी सड़क की समस्या को जल्द दुरुस्त करवाऐं। विधायक शांति धारीवाल ने भाजपा विधायक संदीप शर्मा से संबोधन के दौरान आग्रह किया कि भाजपा सरकार स्टोन मंडी में व्याप्त समस्याओं का जल्द निराकरण करवाऐ और नहीं करवा पाए तो हमें बताएं हम विधायक को से मंडी में बुनियादी सुविधाए विकसित करवा देंगे। धारीवाल ने कहा कि हमारी सरकार में हमने पत्थरमंडी के लिए हर संभव मदद पहुंचाई व्यापारियों को इसका लाभ भी मिला मंडी शिफ्टिंग से लेकर आवंटन में भी व्यापारियों की मांगों का पूरा ध्यान रखा गया।

कोटा में स्टोन मर्चेन्ट विकास समिति के कार्यक्रम को पूर्व मंत्री शान्ति धारीवाल ने संबोधित किया है ।

डीएलसी की दरे बढ़ाने पर सरकार पर बोला धारीवाल ने हमला-स्टोन मर्चेंट समिति के पदाधिकारी द्वारा कार्यक्रम के दौरान दी गई क्षेत्र की बढ़ाई गई डीएलसी की रेट को लेकर भी विधायक शांति धारीवाल ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि डीएलसी की बैठक में विधायक और एमपी सदस्य होते हैं उनकी मर्जी से ही दरों को बढ़ाया और घटाया जाता है मुझे बैठक के लिए कलेक्टर ने आमंत्रित किया था लेकिन मुझे सरकार की मंशा का पता था कि यह डीएलसी रेट बढ़ाने जा रहे हैं इसलिए मैंने बैठक में जाने से इनकार कर दिया था। धारीवाल ने कहा कि नियम यह है की डीएलसी की बैठक में दर बढ़ाने के साथ रेट घटाने पर भी निर्णय लिए जाते हैं जहां रेट बढ़ाने की गुंजाईश हो वहां बढ़ाई जाए जहा राहत दी जा सके वहां रेट कम की जानी चाहियें, लेकिन भाजपा सरकार में हो रही बैठकों में ऐसा बहुत कम हो रहा है। रिवर फ्रंट के प्रचार के लिए विस्तृत कार्य योजना बने-कार्यक्रम के दौरान होटल एसोसिएशन द्वारा कोटा में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयासों पर पूर्व मंत्री शांति धारीवाल ने व्यापार महासंघ की महासचिव अशोक महेश्वरी को सलाह दी की आपके संगठन की ओर से पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए जो कार्यक्रम किया जा रहे हैं वह सिर्फ कोटा तक सिमट रहे हैं बाहर के पर्यटकों को बुलाने के लिए कोटा के बाहर भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएं ।


**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक-1817 **नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना** दिनांक 9.1.2025

नगर विकास न्यास कोटा की विनोबा भावे नगर निर्धन को आंगन योजना के भूखण्ड/आवास संख्या 1569 का आवंटन/हस्तान्तरण/रजि. न्यास के पत्र दिनांक 02.04.2013 को श्रीमती सुशीला बाई पत्नि श्री चतुर्भुज जांगिड को किया गया था। आवंटी द्वारा उक्त भूखण्ड/आवास का जर्ये मुख्तारआम श्रीमती निर्मला शर्मा पत्नी श्री पूनमचंद शर्मा द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 02.07.2024 को श्री रमेश चंद राठौर पुत्र श्री चतुर्भुज राठौर को विक्रय कर दिया गया है। क्रेता द्वारा उक्त भूखण्ड/आवास का अपने नामहस्तान्तरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो